दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 01 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 71 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






## कार्यालय - नगर पालिका परिषद् खोड़ा - मकनपुर, गाजियाबाद

पत्रांक– 136 /न0पा0परि0खो0म0/2025 दिनांक–27 फरवरी, 2025

### –: अल्पकालीन कुटेशन आमंत्रण सूचना :–

नगर पालिका परिषद् खोड़ा–मकनपुर, जनपद–गाजियाबाद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, जलापूर्ति एवं अन्य विविध कार्यो को दृष्टिगत रखते हुये दिये गये नियम व शर्तो के अनुसार दिनांक .03.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक कुटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं। कार्य/आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं–

| क्र0सं0 | कार्य/आपूर्ति का नाम | मद |
|---|---|---|
| 1 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–16 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 2 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–03 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 3 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0–03 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 4 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–01 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 5 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–24 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 6 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–14 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 7 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–18 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 8 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0–21 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 9 | पेयजल व्यवस्था हेतु खारा पानी के टैंकर नं0–01 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 10 | पेयजल व्यवस्था में संचालित खारा पानी के टैंकरनं0–05 की रिपेयरिंग कार्य | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 11 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–19 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 12 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–28 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 13 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1545 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 14 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1540 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 15 | ट्रैक्टर चैसिस नं0–2191 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 16 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1552 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 17 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1539 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 18 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1533 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 19 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1541 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 20 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1534 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 21 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1550 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 22 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1547 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 23 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1544 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 24 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1549 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 25 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1535 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 26 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1536 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 27 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1548 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 28 | ट्रैक्टर नं0–UP14AG-1318 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 29 | जे0सी0बी0 नं0–UP14HT-0147 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 30 | डम्फर नं0–UP14HT-6392 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 31 | जे0सी0बी0 नं0–UP14JT-7125 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 32 | एनिमल कैचर न0– UP14HT-5508 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 33 | रिफ्यूज कम्पेक्टर न0–UP14HT-8524 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 34 | वाहन नं0–UP14HT-6838 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 35 | वाहन नं0–UP14JT-7058 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 36 | वाहन नं0–UP14HT-6395 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 37 | वाहन नं0–UP14HT-6839 की सर्विस/रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 38 | वाहन न0–UP14KT-6840 की सर्विस एवं फैब्रीकेशन कर त्वरित बल वाहन बनाने का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 39 | वाहन न0–UP14HT-2736 की सर्विस का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 40 | वाहन न0–UP14AG-1538 की सर्विस का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 41 | वाहन न0–UP14HT-2739 की क्लच प्लेट एवं सर्विस का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 42 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–06 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 43 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–13 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 44 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0–34 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 45 | पेयजल व्यवस्था हेतु खारा पानी का टैंकरनं0–01 की रिपेयरिंग कार्य | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 46 | पेयजल व्यवस्था में खारा पानी का टैंकरनं0–05 की रिपेयरिंग कार्य | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 47 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–19 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 48 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–28 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 49 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–07 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 50 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–13 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 51 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0–04 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 52 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0–35 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 53 | पेयजल व्यवस्था में संचालित छोटा टैंकर नं0–25 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 54 | पेयजल व्यवस्था में संचालित बड़ा टैंकर नं0–04 की रिपेयरिंग का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 55 | निकाय के विभिन्न कार्यो हेतु विविध प्रकार के रजिस्टरों/स्टेशनरी की आपूर्ति। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 56 | निकाय कार्यालय में फोन आपरेटर कक्ष बनाने का कार्य। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |
| 57 | कार्यालय प्रयोग हेतु दो कुर्सी, 01 मेज, 01 अलमीरा क्रय करना। | नगर निधि/रा0वि0आ0 |

1. उपरोक्त कार्यो/आपूर्ति हेतु दिनांक .03.2025 के दोपहर 12:00 बजे कुटेशन/ई–निविदा आमन्त्रित किये जाते है। जो दिनांक .03.2025 को उपरान्त 02:00 बजे खोले जायेंगे। कुटेशनदाता/निविदादाता यदि चाहे तो कुटेशन/निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते है। यदि किसी कारणवश सक्षम स्तर के अधिकारी उस दिन उपस्थित नही रहते है तो किसी अन्य दिवस में कुटेशन/निविदा खोले जा सकते है।
2. जी0एस0टी0 के अन्तर्गत आने वाली समस्त कटौतियां ठेकेदार/फर्म के बिल से नियमानुसार सम्बन्धित शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।
3. एक लाख रूपये अथवा उससे अधिक के कुटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेंगे।
4. कुटेशन/निविदा के साथ संलग्न/अपलोड अभिलेखों के फर्जी या गलत पाये जाने पर कुटेशन/निविदा निरस्त कर दिया जायेगा।
5. ऐसे कुटेशनदाता/निविदादाता जिनका अपराधिक रिकॉर्ड है, वह कुटेशन प्रक्रिया में भागीदारी नही कर सकेंगे।
6. कार्य/आपूर्ति से सम्बन्धित समस्त नियम, शर्ते व अनुमान तथा कार्यो की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
7. किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये कभी भी निरस्त किया जा सकता है।
8. सशर्त कुटेशन किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेंगे।
9. कुटेशन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद–गाजियाबाद का होगा।

(नवनीत गुप्ता) अवर अभियन्ता (जल) | (अभिषेक कुमार) अधिशासी अधिकारी | (मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष

## वेटरन इंटर स्टेट का फाइनल मैच यूपी ने जीता, 8 रन से विजय हासिल की





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वेटरन इंटर स्टेट का फाइनल मैच राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें राजस्थान में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 129 का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को दिया , दीपक 28 व नरेंद मीणा ने 26 रन का अहम योगदान दिया। मृत्युंजय ने 3 विकेट , विक्रांत व के एस राणा ने 2-2 विकेट लिए। 129 लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम ने 12 ओवर में 78 रन 1 विकेट खोकर बना लिए , अंशुल कपूर 34 व परविन्द्र 24 रन बनाकर नोट आउट रहे। बारिश के कारण परिणाम डी एल एस से निकला जिसमें उत्तर प्रदेश ने 8 रन से विजय प्राप्त की। मैन ऑफ द मैच मृत्युंजय रहे, नरेंद्र मीणा मैन ऑफ द सीरीज की बेस्ट बॉलर का टूनामेंट रहे, आलोक रंजन बेस्ट बैट्समैन चुने गए बीसीआई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी यूपीवीसी अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया साथ में राजेंद्र त्यागी मुकेश त्यागी विजय बंसल विपिन सिरोही प्रदीप त्यागी अतुल शर्मा दिनेश शर्मा आलोक सक्सेना दीपक त्यागी विभोर त्यागी वैभव त्यागी दुष्यंत त्यागी मौजूद रहे।



## तीन दिवसीय उत्तराखंडी उतरैणी-मकरैणी कौथिग का शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को इंदिरापुरम के शिप्रा माल ग्रांउड में तीन दिवसीय उत्तराखंडी उतरैणी–मकरैणी कौथिग का शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड के कैबनेट मंत्री सतपाल महाराज व सांसद अतुल गर्ग ने किया। इस तीन दिवसीय कौथिग की तैयारियों का जायजा लेने में मैं सुबह के सात बजे से ही शिप्रा माल के ग्राउंड में हूं। ग्राउंड में विशाल पांडाल को देखकर लगता है। कि 28 फरवरी से शुरू होकर 1 और 2 मार्च तक चलने वाला उतरैणी–मकरैणी कौथिग वास्तव में अपनी भव्यता और सभ्यता की सतरंगी छठा बिखेरने वाला है। दिल्ली–एनसीआर के उत्तराखंडी बाहुल्य क्षेत्र इंदिरापुरम में भी उत्तराखंड की कला और संस्कृति के चाहने वाले नाचेंगे–गाएंगें, धूम मचाएंगें।




लोकगायिका दीपा चौहान और खुशी जोशी के गीत आपको पहाड़ की नराई ही नहीं लगाएंगें बल्कि आपको अपने सुपर डुपर गीतों के माध्यम से पहाड़ ले जाएंगे। मुकेश कठैत, बिशन सिंह हरियाला, कुसुम भट्ट और प्रियंका तिवारी अपने गीतों से क्या कुछ धमाल करने वाले हैं इसके लिए आपको मेरी तरह ही शुक्रवार 28 फरवरी को शिप्रा माल इंदिरापुरम ग्राउंड में टाइम निकालकर आना जरूरी है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सागर रावत, महासचिव दिनेश बडोला, उपाध्यक्ष सुबोध कोटनाला, आशीष नेगी, सांस्कृतिक सचिव बीरेंद्र बिन्जोला, शारदा ध्यानी, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, चंपा मनराल, मीडिया प्रभारी गिरीश रावत आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# सुगंधित और स्पेशल फूलों से सजा लैंड क्राफ्ट का फ्लॉवर-शो

## जिलाधिकारी दीपक मीणा और ललित जायसवाल ने किया फ्लॉवर शो और चटकारे का उद्घाटन

### पहले ही दिन हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और देर रात तक चला मेला









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लैंड क्राफ्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हॉर्टिकल्चर एंड फ्लोरीकल्चर सोसायटी गाजियाबाद के सहयोग से लगाया गया फ्लावर शो और चटकारे का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हो गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा और लैंड क्राफ्ट डेवलपर्स के आयोजक ललित जायसवाल ने रिबन काटकर इसका शुभारंभ किया।

फ्लॉवर शो में जहां घरों में लगाए जाने वाले पौधों से लेकर किचन गार्डन, हैगिंग गार्डन, टेरेस गार्डन, वर्टिकल गार्डन और लैंडस्कैपिंग सहित विभिन्न प्रकार के बोनसाई, कैक्टस ,स्वदेशी और विदेशी फूलों के साथ ही ऑर्गेनिक सब्जियों को प्रदर्शित किया गया है। फ्लॉवर शो की रौनक को यहां लगे सुगंधित और रंग-बिरंगे फूलों ने बढ़ाने का काम किया है।

इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा अपने पूरे परिवार के साथ फ्लावर शो का आनंद लेने के लिए पहुंचे थे।

### सुदर्शन चक्र से लेकर महाकुंभ तक के करें दर्शन

करंट क्राइम : अर्बन गार्डिनिंग जैसे हाइड्रोपोनिक, एक्वापोनिक एवं एरोपोनिक के द्वारा पौधे किस प्रकार उगाये जा सकते हैं प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण एवं सनातन का बहुत सुन्दरता से समायोजन किया गया है। सनातन की दृष्टि से राम वन पथ गमन, समुद्र मन्थन, महाकुम्भ 2025, सुदर्शन चक्र, शंख, धनुषवाण के साथ-साथ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सैटेलाइट, पर्यावरण ऑक्सीजन पार्लर, बटर फ्लाई, मोर, बत्तख, खरगोश, विभिन्न प्रकार की मछलियों एवं एक्जोटिक प्लान्ट के साथ बहुत सुन्दर लैण्डस्केपिंग का मनमोहक प्रदर्शन किया गया है। फूलों की छटा तो निहारते बनती है।









### चटपटे जयकों ने बढ़ा दी चटकारे की रौनक

करंट क्राइम : चटकारे में विभिन्न शहरों से फूड स्टॉल्स में मुख्य रूप से फत्ते की कचौड़ी, आगरा के मराठे, चाँदनी चौकी की जलेबी, नागपाल के छोले भटूरे एवं प्रमुख नगरीय स्वादिष्ट व्यंजन है। आयोजन भव्य, ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं प्रेरणादायक होगा। बागवानी से सम्बन्धित वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में लैण्डक्राफ्ट और फ्लोरिकल्चर सोसाइटी गाजियाबाद के साथ-, एकेजी, इन्टीट्यूट, जीडीए, नगर निगम गाजियाबाद, नोएडा अथॉरिटी ने भी बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी है।

### ललित जायसवाल का हर आयोजन यूं ही नहीं होता है खास







करंट क्राइम : ललित जायसवाल द्वारा जिस तरीके से फ्लॉवर शो और चटकारे का भव्य आयोजन किया गया है। इसकी चर्चा सोशल मीडिया से लेकर लोगों के बीच शुरू हो गई है। मेले के पहले ही दिन हजारों की संख्या में लोग परिवार और अपनों के साथ पहुंचे और यहां की प्राकृतिक सुंदरता से लेकर अलग-अलग व्यंजनों का जयका लिया। इसके साथ ही बच्चों के लिए आयोजित फैशन-शो, मेहंदी- टैटू-रंगोली, पतंगबाजी, झूले, सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग साधना से लेकर उनकी दैनिक दिनचर्या को निखारने के लिए भी यहां स्टाल लगे हैं। तो इसके साथ ही कार्यक्रम में साफ-सफाई, व्यवस्थित पार्किंग, सुरक्षा अलग-अलग उम्र के लोगों के मनोरंजन का ध्यान रखा गया है। ललित जायसवाल की अब यूएसपी बनता जा रहा है। उनके द्वारा कवि नगर रामलीला का भी बेहतर और शानदार ढंग से आयोजन होता है, तो वहीं लोगों को हर साल फ्लॉवर शो और चटकारे के भव्य आयोजन का इंतजार रहता है।



# शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी का चुनाव हुआ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

## किसी पैनल में हार गए अध्यक्ष तो किसी को मिली महज एक वोट से जीत







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला सुल्लामल रामलीला कमेटी का चुनाव शुक्रवार को रामलीला मैदान पर बने श्रीराम भवन में संपन्न हुआ। इस चुनाव में 299 मतदाताओं को मतदान करना था। सुबह से ही मतदाताओं में जोश था। चुनाव को लेकर सुभाष गुप्ता पैनल और अजय गुप्ता पैनल मैदान में थे। इस बार ये चुनाव कई वर्षों के बाद हुआ था लिहाजा चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों में जोश था। कई दिन से शहर के बाजारों में, कॉलोनियों में चुनाव प्रचार चल रहा था। उम्मीदवार घर-घर, दुकान-दुकान जा रहे थे। शुक्रवार को मतदान का दिन तय था। जिला कुष्ठ अधिकारी राजेश तेवतिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। यहां चुनावी पैनल में एक पैनल से सुभाष गुप्ता लोहे वाले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे। इसी पैनल से नरेश गर्ग मंडी वाले महामंत्री पद के उम्मीदवार थे। सुधीर गोयल मोनू कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे। संजीव मित्तल साजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे। अनिल चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे। दिनेश शर्मा बब्बे मंत्री पद के उम्मीदवार थे और लेखा परीक्षक पद के लिये रविंद्र मित्तल उम्मीदवार थे। वहीं दूसरे पैनल से अजय बंसल अध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये विनय सिंघल मैदान में थे। महामंत्री पद के लिये मुनींद्र आर्य मैदान में थे। मंत्री पद के लिये प्रदीप मित्तल मैदान में थे और लेखा परीक्षक पद के लिये रविंद्र मित्तल मैदान में थे। शुक्रवार को जब मतदान हुआ तो यहां 282 मतदाताओं में ने वोट डाला। यहां 146 वोट अजय बंसल को मिले और वो विजयी घोषित किये गये। सुभाष गुप्ता को उन्होंने 24 वोट से हराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजीव मित्तल साजू जीते उन्होंने 150 वोट हासिल किये। महामंत्री पद पर नरेश अग्रवाल जीते उन्होंने मुनींद्र आर्य को हराया। मंत्री पद पर प्रदीप मित्तल चुनाव जीते। कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर गोयल मोनू जीते और लेखा परीक्षक पद पर रवींद्र मित्तल को विजयी घोषित किया गया।

### विनोद कुमार गोयल ने डाला सबसे पहला वोट

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव कई वर्षों के बाद हुए, लिहाजा यहां नया निजाम बनाने को लेकर मतदाताओं में जोश था। एक-दूसरे को फोन हो रहे थे और मतदाता पूरे जोश के साथ मैदान में आ रहे थे। सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव के लिये सबसे पहला वोट विनोद कुमार गोयल ने डाला।

### युवा चेहरों में विनय सिंघल, सुमित गर्ग ने छोड़ी अपनी छाप

करंट क्राइम। चुनाव जीतना और हारना एक अलग बात है, लेकिन रण में योद्धाओं की तरह लड़ना एक अलग बात है। शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी का जब चुनाव हुआ तो यहां दो युवा चेहरों ने पहली बार चुनावी मैदान में उतरकर ललकार दी। इन युवा चेहरों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये मैदान में उतरे विनय सिंघल थे। विनय सिंघल पहली बार चुनाव में उतरे और उन्होंने 125 वोट हासिल कर अपना दम दिखाया। पहली बार के इस युवा चेहरे ने आने वाले समय के संकेत दिये। शानदार तरीके से चुनाव लड़े और वो ये साबित करने में सफल रहे कि इतने वोट हाथ में हैं और प्रचार के लिये समय मिलता तो नतीजे बदल सकते थे। वहीं बाबा गन हाउस के मालिक और स्व. वीनू बाबा के पुत्र सुमित गर्ग ने भी चुनावी दमखम दिखाया। वो भी पहली बार चुनावी मैदान में आए और जबर्दस्त टक्कर दी। यहां जीत उनसे महज एक वोट दूर रह गई। इस चेहरे ने भी अपनी क्षमता का परिचय दिया।

### जब एक वोट से मिली किसी को जीत और कोई गया हार

करंट क्राइम। एक-एक वोट कितना जरूरी होता है, इसका नजारा सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव में देखने को मिला। एक वोट से कोई जीत गया और एक वोट से कोई हार गया। मंत्री पद पर पहले दिनेश शर्मा बब्बे विजयी घोषित किये गये थे, लेकिन इसी बीच रिकाउंटिंग की मांग उठी। हंगामा होने लगा और चुनाव अधिकारी ने रिकाउंटिंग के निर्देश दिये। रिकाउंटिंग के बाद दिनेश शर्मा बब्बे महज एक वोट से चुनाव हार गये और प्रदीप मित्तल एक वोट से विजयी घोषित किये गये। इसी तरह सुमित गर्ग सुल्लामल वाले लेखा परीक्षक पद के लिये मैदान में थे। वो स्व. वीनू बाबा के सुपुत्र हैं। सुल्लामल परिवार के वंशज हैं। वो लेखा परीक्षक पद के लिये चुनाव में खड़े हुए थे। पहली बार में उन्होंने शानदार मुकाबला किया, लेकिन वो भी एक वोट से चुनाव हार गए।

### सुभाष गुप्ता स्वयं हारे मगर पैनल गया जीत

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव में ये भी एक संयोग रहा कि जिनकी कप्तानी में मैच हो रहा था वो सुभाष गुप्ता खुद चुनाव हार गए। जबकि उनके पैनल से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये संजीव मित्तल साजू, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनिल चौधरी, महामंत्री पद के लिये नरेश गर्ग, कोषाध्यक्ष पद के लिये सुधीर गोयल मोनू, लेखा परीक्षक पद के लिये रविंद्र मित्तल चुनाव जीते। बताया जाता है कि सुभाष गुप्ता के साथ ये कहानी दूसरी बार रिपीट हुई। वो एक बार पहले भी इसी तरीके से चुनाव हारे थे, तब उनके सामने अखिलेश मंगल चुनाव में थे और उस समय भी उनका पूरा पैनल जीत गया था, लेकिन वो खुद चुनाव हार गए थे। सुभाष गुप्ता एक बार फिर चुनाव नहीं जीत सके।

### सभी के साथ मिलकर करेंगे प्रभु श्रीराम के लिये काम: अजय बंसल

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए अजय बंसल इस कहानी के मुख्य किरदार हैं। उन्होंने चुनाव कराने के लिये हाईकोर्ट तक एक लंबी लड़ाई लड़ी। उन्हें मतदाताओं ने बहुमत दिया और वो अध्यक्ष बनें। जीतने के बाद करंट क्राइम से बातचीत में अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि सभी को साथ लेकर प्रभु श्रीराम का काम किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि हम रामलीला का और मैदान का व्यवासयीकरण नहीं होने देंगे। यह सामाजिक सरोकारों का काम है। यह धर्म का काम है और इसमें हम परोपकार की भावना के साथ काम करेंगे। सभी को साथ लेकर चलेंगे। सभी सदस्यों का सम्मान होगा और सभी का काम बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा।

### प्रक्रिया को बनाएंगे पारदर्शी और आप देखेंगे सुधार: सुधीर गोयल मोनू

करंट क्राइम। कोषाध्यक्ष पद पर विजयी हुए गोविंदपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने अपनी जीत को नीतियों की जीत बताया। इसे रामलीला कमेटी परिवार का जनादेश कहा। उन्होंने कहा कि खर्च और आमदनी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा। सब साथ बैठकर आने वाले समय में इसके लिये और बेहतर सुझावों पर चर्चा करेंगे। कई क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है और आप देखेंगे आने वाले समय में सुधार दिखाई देगा।

# नोएडा विधायक पंकज सिंह ने विधानसभा में उठाया रजिस्ट्री का मामला

## कहा- शहरी गरीबों को मिले पीएम आवास योजना के मकान और किसानों का भी हो पूरा सम्मान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नोएडा विधायक पंकज सिंह ने विधानसभा में नोएडा क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री का मामला उठाया। पंकज सिंह ने उस समस्या को सदन में रखा जिससे नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्र प्रभावित हैं। विधायक पंकज सिंह ने सदन में ये मुद्दा रखते हुए कहा कि अमिताभ कांत की रिपोर्ट को सरकार ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोगों ने अपना आशियाना नोएडा-गाजियाबाद में लिया है। उन्होंने सदन में बोलते हुए कहा कि यहां पर रजिस्ट्री की समस्या है। हालांकि इस सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हजारों हजार रजिस्ट्रयां हुई हैं, लेकिन मैं आग्रह करना चाहता हूं कि वो बिल्डर जिन्होंने गलती की है और जो भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं, जिनकी वजह से गरीब मध्यम वर्ग परिवारों को कष्ट झेलना पड़ा है, मैं मांग करता हूं कि उन पर कड़ी कार्यवाही करते हुए रजिस्ट्री की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

नोएडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि मैं आग्रह करना चाहता हूं कि किसानों का आंदोलन यहां आए दिन चलता है। जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा के हैं। यहां एक बड़ा एयरपोर्ट भी आ रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के पीछे किसानों के त्याग-तपस्या बहुत है। पंकज सिंह ने सदन में बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने बहुत सारे सुझाव दिये। पंकज सिंह ने शहरी गरीबों का मुद्दा उठाया और कहा कि एक बड़ी आबादी शहरी क्षेत्र में आई है। इन्हें भी रहने के लिये मकान चाहिए। पंकज सिंह ने सदन में बोलते हुए मांग की कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इन शहरी गरीबों के लिये भी लागू किया जाए।

## संपादकीय

# लालफीताशाही से निजात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यविनियमन आयोगह्ल का गठन करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। इसका उद्देश्य मौजूदा नियमों मे कटौती करना और नए निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना है। पुराने नियमन को हटाने की बात कुछ सप्ताह पहले संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा और केंद्रीय बजट में भी कही गई थी। अब महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विनियमन का काम कितनी गहराई से और कितने टिकाऊ स्तर पर किया जाएगा। ह्यजन विश्वासह्ल नामक एक विधेयक पहले ही पारित किया जा चुका है जो कुछ नागरिक अपराधों की आपराधिकता को समाप्त करता है। वादा किया गया है कि ऐसा ही एक अन्य विधेयक लाकर तकरीबन 100 छोटे-मोटे अपराधों की आपराधिकता समाप्त की जाएगी। उनकी जगह जुमार्ने की व्यवस्था की जाएगी। ये अहम कदम हैं। परंतु इनकी बदौलत दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आएगा बल्कि दशकों से बनी दमनकारी राज्य मशीनरी के दंडात्मक पहलुओं को कम किया जाएगा।

सरकार को नए आयोग से कहना चाहिए कि वह सभी वर्तमान नियमन का व्यापक आकलन करे। उनका हर कोण से आकलन होना चाहिए। पहला, उन्हें जिस उद्देश्य से बनाया गया था क्या वे अभी भी प्रासंगिक हैं? दूसरा, क्या वे उद्देश्य प्राप्ति में सफल रहे? तीसरा, उन्होंने नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों पर क्या लागत डाली। इस लागत की लाभ से तुलना करनी चाहिए ताकि पता चल सके। आदर्श स्थिति में ऐसी कवायद नियमन लाने के पहले पारदर्शी तरीके से अंजाम दी जानी चाहिए। परंतु ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि सरकार या स्वतंत्र नियामकों ने ऐसा किया हो। यह अच्छी आदत नहीं है और अन्य उदार लोकतांत्रिक देशों के विपरीत है। यहां तक कि उच्च नियमन वाले यूरोपीय देशों से भी अलग। नीतिगत बदलावों के सार्वजनिक जोखिम और पुरस्कार आकलन का अभाव और नियम निर्माण की कमी, समग्र नीतिगत ढांचे को नहीं बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण को दशार्ता है जो अफसरशाही को मजबूत बनाता है। विनियमन आयोग को इस रुख से दूरी बनानी होगी। इस लिहाज से देखे तो आयोग के कर्मचारियों की नियुक्ति एक अहम चयन होगा। इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं भर लिया जाना चाहिए जो यही मानते हैं कि विनियमन में सुधार होना चाहिए।

किसी एक विनियमन की लागत चाहे जो भी नजर आए, उसकी वास्तविक लागत निस्संदेह तब अधिक होती है जब यह ढेर सारे कानूनों और प्रतिबंधों के समूह का हिस्सा होता है जो राज्य के रुख को दशार्ता है। समग्रता में यह टुकड़ों की तुलना में अधिक होता है। यह भारत के नियामकीय ढांचे की जटिल और आंतरिक स्तर पर विरोधाभासी स्थिति है जो किसी अन्य चीज से अधिक निवेशकों के उत्साह को कम करने और विनियमन वाले क्षेत्रों में नई पूंजी के निवेश की उनकी इच्छा को कम करती है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उदाहरण के लिए विनिर्माण क्षेत्र में ऑनलाइन खुदरा व्यापार या ऐप अर्थव्यवस्था की तुलना में बहुत कम उत्साह नजर आता है। भले ही पहला क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता में हो लेकिन बाद वाले क्षेत्र में नियामक तंत्र बहुत कम दखल देने वाला है। सार्वजनिक निवेश को नई गति देने के लिए सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निवेशक यह मानें कि उनके सामने एक नई पेशकश की जा रही है जो अतीत से अलग है। यह महत्त्वपूर्ण होगा कि सभी राज्य इस मिशन में सहयोग करें ताकि देश को निवेशकों के अनुकूल बनाया जा सके। बीते दशक में और इस सरकार के सत्ता में रहते यह प्रयास बार-बार किया गया है कि कारोबारियों के अनुकूल निवेशक नीतियों को प्राथमिकता के रूप में दशार्या जाए। विनियमन को अगर सही ढंग से अंजाम दिया गया तो वह इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में मददगार होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में नरमी

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बीच शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोने और चांदी में नरमी दिखी। इस दौरान सोने का वायदा भाव 446 रुपये की गिरावट के साथ 84,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, चांदी वायदा की कीमत 333 रुपये की गिरावट के साथ 93,302 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 446 रुपये या 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इसमें 14,812 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने सोने की कीमतों में गिरावट का कारण कमजोर वैश्विक संकेत बताया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क में सोना वायदा 20.50 डॉलर प्रति औंस या 0.71 प्रतिशत घटकर 2,875.40 डॉलर प्रति औंस रह गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 333 रुपये अथवा 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93,302 रुपये प्रति किग्रा रह गई। इसमें 729 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि



बाजार में मौजूदा स्तर पर प्रतिभागियों की बिकवाली से मुख्य रूप से चांदी की कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी वायदा भाव 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 31.76 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

### सोना के वायदा भाव लुढ़के

सोने के वायदा भाव की शुरूआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 141 रुपये की गिरावट के साथ 85,733 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 132 रुपये की गिरावट के साथ 85,742 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,795 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 85,725 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इसी महीने 86,592 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

### चांदी की चमक भी फीकी

चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। टउ पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 411 रुपये की गिरावट के साथ 94,230 रुपये पर खुला।

# भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8% की वृद्धि की जरूरत, विश्व बैंक का दावा




**नई दिल्ली।** विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक ने पर अपनी टिप्पणी में कहा है कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ-साथ भूमि और श्रम बाजार में भी सुधार की आवश्यकता होगी। विश्व बैंक की रिपोर्ट का शीर्षक है - 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना'।

वर्ष 2000 से 2024 के बीच भारत की औसत 6.3 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर को मान्यता देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं।

हालांकि, 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... भारत को 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए, इसकी प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग 8 गुना बढ़ाना होगा; विकास को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक उच्च रहना होगा, एक ऐसी उपलब्धि जिसे कुछ ही देश हासिल कर पाए हैं।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, कम अनुकूल बाह्य वातावरण को देखते हुए, भारत को न केवल चल रही पहलों को जारी रखना होगा, बल्कि सुधारों को विस्तारित और तीव्र करना होगा।

हाल के वर्षों में, भारत ने देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने, बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, मानव पूंजी में सुधार करने और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए कई संरचनात्मक सुधार शुरू किए हैं, जबकि इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है, वर्ष 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए, भारत की विकास दर को आने वाले दशकों में वास्तविक रूप में औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की आवश्यकता है... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के मार्ग पर ला सकता है। विश्व बैंक के भारत निदेशक ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि चिली, कोरिया और पोलैंड जैसे देशों से प्राप्त सबक यह दशार्ते हैं कि किस प्रकार उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने एकीकरण को गहन करते हुए मध्य आय वाले देशों से उच्च आय वाले देशों में सफलतापूर्वक परिवर्तन किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशकों में भारत ने उस पैमाने और गति से विकास किया है जिसके बारे में बहुत कम लोगों ने सोचा होगा।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पिंटू- बताओ रोज बादाम खाने से क्या होता है ?
मिंटू- एक तो बादाम खत्म होगा और दूसरा पैसा खर्च होगा।


---

गोलू- तुम क्या काम करते हो?
मोलू- मैं पायलट हूं।
गोलू- कौन सी एयरलाइंस में?
मोलू- अरे मैं शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं।
कंडक्टर- अरे, क्यों लड़ रही हो?
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

# पीएम मोदी और वॉन डेर लेयेन की वैश्विक व्यापार समझौते पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ बातचीत की, जिसमें भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उम्मीद है कि बातचीत के दौरान दोनों लोग महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए चल रही वार्ता का जायजा लेंगे, साथ ही व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के तरीके भी तलाशेंगे।

वॉन डेर लेयेन यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज या ब्लॉक के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता से पहले एक थिंक टैंक में उन्होंने कहा, यह दुनिया खतरों से भरी हुई है। लेकिन मेरा मानना है कि महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा का यह आधुनिक संस्करण यूरोप और भारत के लिए अपनी साझेदारी की पुनः कल्पना करने का एक अवसर है।

उन्होंने कहा, कई मायनों में, यूरोपीय संघ और भारत इस चुनौती का मिलकर सामना करने के लिए अद्वितीय स्थिति में हैं।

दोनों पक्षों के बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। मोदी-वॉन डेर लेयेन वार्ता के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ भारत के साथ अपने व्यापार क्षेत्र का विस्तार करने का इच्छुक है और दोनों पक्षों का मानना है कि प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते से आर्थिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में, यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 135 बिलियन अमरीकी डॉलर का है, जिसमें यूरोपीय संघ को निर्यात 76 बिलियन अमरीकी डॉलर और यूरोपीय संघ से आयात 59 बिलियन अमरीकी डॉलर का है। इस तरह से यह ब्लॉक नई दिल्ली का वस्तुओं के मामले में सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

2023 में सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार 53 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें 30 बिलियन अमरीकी डॉलर का भारतीय निर्यात और 23 बिलियन अमरीकी डॉलर का आयात शामिल है, जो सेवाओं में अब तक का सबसे अधिक व्यापार है। भारत में यूरोपीय संघ का निवेश 117 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है तथा लगभग 6,000 यूरोपीय कंपनियां भारत में मौजूद हैं। यूरोपीय संघ में भारत का निवेश लगभग 40 अरब डॉलर का है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जहाँ एक ओर दुनिया में लोग भूखे मर रहे हैं वहीं हर साल दुनिया का आधे से अधिक खाना फेंक दिया जाता हैं।
- आप मानें या ना मानें पर डाक्टरों की अजीब तरह से लिखने की आदत हर साल 7000 लोगों की जान ले लेती हैं।
- करीब 72% के हैंडल घिसे हुए होते हैं।
- मोमबत्ती के ज्वाला में कई छोटे छोटे हीरे के टुकड़े होते हैं।
- वैसे तो जन्म और मृत्यु पर किसी का नियंत्रण नहीं होता पर चीन में बिना सरकारी इजाजत के किसी का पुर्नजन्म नहीं हो सकता।
- हर वो सिगरेट जिसका धुआं आपके शरीर में जाता हैं आपकी जिंदगी के 11 मिनट कम कर देता हैं।
- धरती के 80% जीव कीड़े मकोड़े हैं।
- माइकल जैक्सन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में ही मारे गए होते पर वो घर पर सोए ही रह गए और उनकी मीटिंग कैंसल हो गई।
- सुअरों की शारीरिक बनावट ऐसी होती हैं कि वे आकाश नहीं देख सकते।
- कोई नहीं जानता कि अग्निशामक यंत्र का आविष्कार किसने किया क्योंकि इसका पेटेंट आग में जलकर नष्ट हो गया।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# प्रज्ञानंद ने फिर से बाजी ड्रॉ खेली अरविंद ने कीमर को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे जबकि अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की।

अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूनार्मेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। उनके बाद गिरि, लीम, दाई वान, डेविड, कीमर और प्रज्ञानानंद का नंबर आता है। एडिज और वेई यी अपने दो मैचों में आधे-आधे अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

# भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज शुरू करने के सवाल पर गावस्कर की दो टूक

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट द्विपक्षीय संबंधों की बहाली पर अपने विचार साझा किए हैं। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार 2012-13 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। तब पाकिस्तान ने सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच राजनीतिक मतभेदों के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला वैश्विक और महाद्वीपीय आयोजनों तक ही सीमित हैं। पिछले हफ्ते भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। हाल ही में एक बातचीत के दौरान गावस्कर ने सुझाव दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय वार्ता तभी बहाल हो सकती है जब दोनों देशों की सरकारें सीमाओं पर शांति सुनिश्चित करें।



## गावस्कर ने द्विपक्षीय सीरीज पर कही यह बात

यह पूछे जाने पर भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय सीरीज कैसे खेल सकते हैं? गावस्कर ने 'टेन स्पोर्ट्स' शो 'ड्रेसिंग रूम' में कहा, 'सीमाओं पर स्पष्ट रूप से शांति बनाकर। यह बहुत सरल है। अगर सीमा पर शांति होती है, तो मुझे लगता है कि दोनों सरकारें निश्चित रूप से कहेंगी कि देखिए, ठीक है, हमारे यहां कोई घटना नहीं हुई है, कुछ भी नहीं। इसलिए कम से कम बात करना शुरू करते हैं।' गावस्कर का मानना है कि द्विपक्षीय मुकाबलों को फिर से शुरू करने के लिए आंतरिक रूप से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन भारत के पाकिस्तान में खेलने से इनकार करने के पीछे सीमा पर बार-बार उठने वाला तनाव एक बड़ा कारक है।

## 'घुसपैठ के बारे में कई बार सुनते हैं'

गावस्कर ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि कुछ बैक-चैनल कनेक्शन चल रहे होंगे। लेकिन आप देखना चाहते हैं कि मैदान के बाहर क्या हो रहा है क्योंकि हम पड़ोसी मुल्क से घुसपैठ के बारे में कई बार सुनते हैं। यही वजह है कि भारत सरकार कह रही है कि जब तक ये गतिविधियां बंद नहीं हो जाती, हमें किसी चीज के बारे में सोचना या बात करना भी नहीं चाहिए।' चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत बनाम पाकिस्तान का मुकाबला एकतरफा रहा था। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने सभी विभागों में दबदबा बनाया। अब इस साल के अंत में एशिया कप में भारत एक बार फिर पाकिस्तान से भिड़ सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले महाद्वीपीय महाकुंभ में 19 मैच हो सकते हैं। यह टूनार्मेंट सितंबर में आयोजित होने की संभावना है।

## एशिया कप में भी भारत बनाम पाकिस्तान

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को सौंपी गई थी, लेकिन भारत-पाकिस्तान समीकरण को देखते हुए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने तटस्थ देश में मेजबानी करने का फैसला किया है। हालांकि, अभी तक स्थान पर अंतिम नहीं लिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका और यूएई संभावित विकल्प हैं। बीसीसीआई नामित मेजबान रहेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान नामित मेजबान हैं, लेकिन बीसीसीआई द्वारा अपनी टीम भेजने से इनकार करने के बाद भारत दुबई में अपने सभी मुकाबले खेल रहा है।

# गुजरात ने बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 के 12वें मैच में गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। गुरुवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात ने बॉलिंग चुनी। आरसीबी ने 7 विकेट खोकर 125 रन बनाए। जीजी ने 17 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

गुजरात से कप्तान एश्ले गार्डनर ने 58 और फीब लिचफील्ड ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में डिएंड्रा डॉटिन और तनुजा कंवर ने 2-2 विकेट लिए। फ्छइ से रेणुका ठाकुर और जॉर्जिया वेयरहम को 2-2 विकेट मिले।

आरसीबी की खराब शुरूआत टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी फ्छइ की शुरूआत खराब रही। टीम ने 25 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान स्मृति मंधाना 10 और डैनी व्याट हॉज 4 रन बनाकर आउट हो गईं। एलिस पेरी खाता भी नहीं खोल सकीं। राघवी बिष्ट ने 22 और कनिका अहुजा ने 33 रन बनाकर स्कोर 70 के पार पहुंचाया।

# डोप टेस्ट में फेल रहने वाले सिनर को झटका

# लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ ईयर के नामांकन से हटाया गया नाम

**नई दिल्ली।** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है क्योंकि इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्जपैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया।

फिट्जपैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।' पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।



# लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत जल्द शुरू करेगा तैयारी, खेल मंत्री ने बुलाई तीन दिवसीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत जल्द अगले ओलंपिक की तैयारियां शुरू करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को बताया कि 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों का खाका तैयार करने के लिए सात मार्च से हैदराबाद में तीन दिवसीय चिंतन बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## ओलंपिक तैयारियों पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक

मांडविया ने कहा- 2028 ओलंपिक को ध्यान में रखकर तैयारियों की रणनीति तय करने के लिए हैदराबाद के कान्हा शांति वन में सात से नौ मार्च तक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें सभी राज्यों के खेलमंत्री, भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य, चुनिंदा राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे।



## 15 खेलों का कैलेंडर बनाना चाहते हैं मांडविया

विशेषज्ञों में एलीट पूर्व और मौजूदा खिलाड़ी भी होंगे। खेलमंत्री ने यह भी कहा कि उनका फोकस देश में खेलों के सतत आयोजन पर है जिसके लिए चुनिंदा केंद्रों को खेल विशेष का केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा- मैं कम से कम 15 खेलों का एक कैलेंडर बनाना चाहता हूं। कोशिश यही है कि देश में साल भर कोई न कोई खेल आयोजन होता रहे और इन सतत खेलों से प्रतिभाएं निकलकर आएं। देश में चुनिंदा शहरों को खेल विशेष का हब बनाया जाएगा। मसलन दीयू में बीच खेल, लद्दाख और कश्मीर में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल, छत्तीसगढ में खेलो इंडिया आदिवासी खेल का आयोजन शामिल है।

# शुभमन गिल ने विश्राम वाले दिन नेट गेंदबाजों और सहयोगी स्टाफ के साथ अभ्यास किया



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की अटकलों पर विराम लगाते हुए भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल गुरुवार को प्रशिक्षण के लिए आधिकारिक विश्राम के दिन कुछ सहयोगी स्टाफ के साथ अभ्यास के लिए आईसीसी क्रिकेट अकादमी आए। गिल बुधवार को अभ्यास छोड़ने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। उन्होंने विशेषज्ञों और यूएई के नेट गेंदबाजों के थ्रो-डाउन के साथ दो घंटे तक मेहनत की।

## शुभमन गिल को लेकर कयास लगाए जा रहे थे

गिल ने बुधवार को भारतीय टीम के साथ अभ्यास नहीं किया था जिसके बाद उनकी उपलब्धता पर कयास लगाए जा रहे थे। बीसीसीआई प्रबंधन ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह ठीक हैं और आराम के लिए एक दिन की छुट्टी ले रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में लगभग 300 रन बनाने के बाद गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी के शुरूआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था।

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला

भारत को अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। यह मुकाबला दो मार्च को दुबई में खेला जाएगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए इस वजह से महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे टेबल टॉपर तय हो जाएगा। दोनों ही टीमें इसके लिए जमकर तैयारी कर रही हैं। पाकिस्तान पर जीत के बाद बुधवार को गिल को छोड़कर भारतीय खिलाड़ियों ने पहली बार आईसीसी अकादमी में ट्रेनिंग में हिस्सा लिया।

## पूरी भारतीय टीम ने एकसाथ अभ्यास किया

पूरी भारतीय टीम ने एकसाथ अभ्यास किया था। रोहित ने बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान किसी भारी गतिविधि में हिस्सा नहीं लिया और न ही नेट्स पर बैटिंग प्रैक्टिस की। अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम का माहौल काफी खुशनुमा दिखा और खिलाड़ी एक दूसरे के साथ हंसते मिलते दिखे। भारतीय खिलाड़ी एक दूसरे के साथ मजाक भी कर रहे थे। बीसीसीआई ने अपनी साइट पर इसका वीडियो भी जारी किया है।

## विराट कोहली और शमी ने भी अभ्यास किया

अभ्यास सत्र के दौरान सभी खिलाड़ी फुटबॉल खेलकर और स्प्रिंट लेकर वार्मअप किया। नेट्स सेशन में विराट कोहली ने काफी समय स्पिनरों का सामना करने में बिताया, जबकि गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल दुबई में टीम से जुड़ गए हैं। विराट ने ट्रेनिंग सत्र के दौरान कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का तो सामना किया है, साथ में उन्होंने अन्य नेट गेंदबाजों को बुलाकर उनका भी सामना किया। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी को भी पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी करते देखा गया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी भी परेशानी में दिखे थे।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल- तीसरे दिन लंच तक केरल 219/5

# कप्तान सचिन बेबी अर्धशतक लगाकर नाबाद; विदर्भ पहली पारी में 379 पर ऑलआउट



**केरल।** रणजी ट्रॉफी फाइनल विदर्भ और केरल के बीच खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन केरल ने लंच तक 5 विकेट के नुकसान पर 219 रन बना लिए हैं। टीम ने आज 131/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान सचिन बेबी 52 रन बनाकर नाबाद लौटे।

विदर्भ की टीम ने पहली पारी में 379 रन बनाए हैं। नागपुर के श्उअ स्टेडियम में केरल ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी। केरल से सचिन बेबी अर्धशतक लगाकर नाबाद तीसरे दिन लंच तक केरल के कप्तान सचिन बेबी अर्धशतक लगाकर नाबाद लौटे। टीम के लिए आदित्य सरवटे 79, अहम्मद इमरान 37, मोहम्मद अजहरुद्दीन 34, सलमान निजार 21 और अक्षय चंद्रन ने 14 रन बनाकर आउट हुए। रोहन कुन्नुम्मल खाता भी नहीं खोल सके। विदर्भ से दर्शन नालकंडे 3 और हर्ष दुबे ने 2 विकेट लिए। यश ठाकुर को 1 विकेट मिला। गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन विदर्भ की टीम पहली पारी में 379 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने आज 254/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 125 रन जोड़े और आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। केरल ने स्टंप्स तक 3 विकेट खोकर 131 रन बना लिए।

# आधा सीजन खत्म, पिछली बार से तेज खेल रही टीमें

## औसतन 129.43 के स्ट्राइक रेट से रन बने, रनरेट 8 रन प्रति ओवर के पार

**नई दिल्ली।** देश का घरेलू महिला फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूनार्मेंट, विमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) का मौजूदा तीसरा सीजन पिछली बार से तेज साबित हो रहा है। हर बार की तरह 22 मैचों वाले इस सीजन के आधे पड़ाव, यानी शुरूआती 11 मैचों के बाद, टीमों ने औसतन 129.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि पिछले सीजन के शुरूआती 11 मैचों में यह स्ट्राइक रेट 125.23 का था। यानी, टीमें इस बार प्रति 100 गेंद चार रन ज्यादा बना रही हैं।

इसका नतीजा टीमों के औसत रन रेट में भी दिखा है। सीजन 2025 के आधे पड़ाव के बाद टीमों का औसत रन रेट 8.21 रन प्रति ओवर रहा है, जबकि पिछले सीजन टूनार्मेंट के इस स्टेज तक यह रन रेट 7.95 का था।

सीजन 2025 में टीमों के चौके -छक्के लगाने की दर भी बढ़ी है। पिछले सीजन टीमों ने शुरूआती 11 मैचों में 366 चौके व 86 छक्के लगाए थे, जबकि इस सीजन 401 चौके व 86 छक्के लग चुके हैं। पिछली बार टीमें औसतन हर 5.50वीं गेंद पर बाउंड्री लगा रही थीं, जबकि इस बार यह आंकड़ा 5.11 गेंद प्रति बाउंड्री पर आ गया है।



डब्लूपीएल 2025 में टीमों के बड़े स्कोर बनाने में भी इजाफा हुआ है। पिछले सीजन 11 मैचों तक किसी भी टीम ने 200+ रन का आंकड़ा नहीं छुआ था, जबकि इस बार ऐसा दो बार हो चुका है। साथ ही, 180+ रन पिछले सीजन शुरूआती 11 मैचों में दो बार बने थे, जबकि इस बार चार बार बन चुके हैं। अर्धशतक 3 बढ़े, लेकिन शून्य पर आउट होने वाली खिलाड़ी दोगुनी डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सीजन के हाफ स्टेज में 19 अर्धशतक लग चुके हैं, जिसमें आरसीबी की एलिस पेरी का 90* का स्कोर अब तक सर्वश्रेष्ठ है। पिछली बार टूनार्मेंट के शुरूआती 11 मैचों में 16 अर्धशतक लगे थे और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 80 था। हालांकि, इस बार हाफ स्टेज तक शून्य पर आउट हुई खिलाड़ियों की संख्या दोगुनी हो गई है। पिछले सीजन शुरूआती 11 मैचों में 9 खिलाड़ी शून्य पर आउट हुई थीं, जबकि इस बार 18 बार खिलाड़ी शून्य पर पवेलियन लौटी हैं।

सर्वश्रेष्ठ सीजन 2023 था, मुंबई लेग से भी वही उम्मीद डब्ल्यूपीएल इतिहास में रन वर्षा के हिसाब से 2023 का पहला सीजन अब तक सर्वश्रेष्ठ रहा है। उस सीजन के शुरूआती 11 मैचों में औसत रन रेट 8.59 जबकि औसत स्ट्राइक रेट 136.32 था। चार बार 200+ टोटल बन चुके थे। हालांकि, वह पूरा सीजन मुंबई में खेला गया था। दूसरे सीजन के मैच बेंगलुरु और दिल्ली में हुए थे, जबकि मौजूदा सीजन मुंबई 10 मार्च को पहुंचेगा। उन आखिरी चार मैचों में फैंस तेज रनों की उम्मीद कर सकते हैं। उससे पहले टीमों को लखनऊ में भी मुकाबले खेलने हैं।

# रिजवान बोले- 2 खिलाड़ी चोटिल थे, इसलिए हारे

**इस्लामाबाद।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के सेमीफाइनल से बाहर होने पर टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सफाई दी है। उन्होंने टीम के दो खिलाड़ियों सईम अयूब और फखर जमान का टीम में न होने को मुख्य वजह बताया है। दोनों चोट की वजह से टूनार्मेंट से बाहर हो गए थे। अयूब टूनार्मेंट शुरू होने से से पहले टखने में चोट की वजह से बाहर हो गए थे। वहीं, फखर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में चोटिल हो गए थे। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में लीग के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से और दूसरे मैच में भारत से हार का सामना करना पड़ा। वहीं गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी लीग मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। हम सभी बहुत निराश हैं- रिजवान रिजवान ने गुरुवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश से मैच रद्द होने के बाद ब्रॉडकास्टर को दिए इंटरव्यू में कहा कि हम सभी बहुत निराश हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एशिया कप में भिड़ंगे भारत और पाकिस्तान, जानिए कब होगा टूनार्मेंट का आगाज



**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 से पहले एशिया कप का आयोजन होगा। इस टूनार्मेंट की मेजबानी भारत के पास है। हालांकि, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) टूनार्मेंट का आयोजन तटस्थ स्थल पर कर सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एशिया कप 2025 का आगाज सितंबर में हो सकता है।

यह टूनार्मेंट टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। एशियाई क्रिकेट परिषद के एक सूत्र ने कहा- टूनार्मेंट सितंबर में होगा। भारत के पास मेजबानी के अधिकार हैं लेकिन यह यूएई या श्रीलंका में खेला जाएगा। बता दें कि,

**भारत के पास मेजबानी के अधिकार हैं लेकिन यह यूएई या श्रीलंका में खेला जाएगा। यह टूनार्मेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा पहले ही इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं।**

## यूएई या श्रीलंका में हो सकता है आयोजन

### आठ टीमों के बीच खेला जाएगा टूनार्मेंट

भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी आ रही है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप के आयोजन की तैयारी कर ली है। इस टूनार्मेंट का आयोजन इसी साल सितंबर में हो सकता है, जिसमें कुल 19 मुकाबले खेले जाएंगे। टूनार्मेंट की खासियत भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला होगी। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो दोनों तीन बार एक-दूसरे भिड़ सकती हैं। हाल ही में भारत ने मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में छह विकेट से हराया था। इस दौरान विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा था। एशिया कप 2025 में कुल आठ टीमें शामिल होंगी। इनमें भारत और पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग शामिल हैं। सभी टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा।

यह टूनार्मेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा पहले ही इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव पर होगी।

आखिरी बार एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान और श्रीलंका की सह-मेजबानी में हुआ था। टीम इंडिया ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारत इस टूनार्मेंट की सबसे सफल टीम है जिसने आठ बार एशिया कप का खिताब जीता है। वहीं, श्रीलंका ने छह और पाकिस्तान ने दो बार टूनार्मेंट अपने नाम किया।

# विधानसभा चुनाव के बाद आई स्वीटी-दीपक के रिश्ते में दरार

**हरियाणा।** हरियाणा की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा और उनके पति दीपक हुड्डा के विवाद में नया खुलासा हुआ है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव के दौरान ही दोनों के रिश्ते में दरार आनी शुरू हो गई थी। दोनों ही बीजेपी से टिकट के दावेदार थे।स्वीटी बरवाला से चुनाव लड़ना चाहती थीं, जबकि दीपक हुड्डा महम से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। भाजपा ने दीपक को तो महम से टिकट दे दिया, लेकिन स्वीटी को नहीं दिया। इसके बाद स्वीटी ने महम में पति दीपक का प्रचार भी किया। फिर भी दीपक हुड्डा महम से चुनाव हार गए। वह तीसरे नंबर पर रहे। इसके बाद उनके रिश्ते में खटास आ गई।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में अलिष्का है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम अरीबा Areeba है। भविष्य में मेरी पुत्री को सही नाम अरीबा Areeba के नाम से जाना पहचाना जाए।

प्रार्थी
अनीश पुत्र इस्लामुद्दीन
निवासी मलिकनगर, मुरादनगर
जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

**निविदा सूचना**

टॉस्क फोर्स 47पीएसी गाजियाबाद में वित्तीय वर्ष-2024-2025 में मानक मद-29 अनुरक्षण से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सील बन्द अल्पकालीन निविदायें दिनांक 7-03-2025 को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क0सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू0 |
|---|---|---|
| 01 | एसडी ब्लॉक के ब्लॉक संख्या-01 में छत पर चढ़ने हेतु लोहे की सीढ़ी बनाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 02 | एसडी ब्लॉक के ब्लॉक संख्या-02 में छत पर चढ़ने हेतु लोहे की सीढ़ी बनाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 03 | एसडी ब्लॉक के ब्लॉक संख्या-03 में छत पर चढ़ने हेतु लोहे की सीढ़ी बनाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 04 | एसडी ब्लॉक के ब्लॉक संख्या-04 में छत पर चढ़ने हेतु लोहे की सीढ़ी बनाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 05 | एसडी ब्लॉक के ब्लॉक संख्या-5 में छत पर चढ़ने हेतु लोहे की सीढ़ी बनाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 06 | आकांक्षा ब्लॉक स्थित अस्थायी अराजपत्रित गेस्ट हाउस में दीवारों पर पुट्टी, मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य | 1,90,000 |
| 07 | आकांक्षा ब्लॉक स्थित अस्थायी अराजपत्रित गेस्ट हाउस में खिड़की दरवाजों की रंगाई पुताई एवं छत के ऊपर की मरम्मत का कार्य | 1,10,000 |
| 08 | 47वीं वाहिनी परिसर में साधना ब्लॉक के आवास संख्या 152, 153 एवं 154 की छत के ऊपर की विशेष मरम्मत का कार्य | 19,000 |
| 09 | एफ ब्लॉक आवास संख्या एफ-2(टाईप द्वितीय)(चक्की के पास) की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य | 50,000 |
| 10 | एफ ब्लॉक आवास संख्या एफ-05 (टाईप द्वितीय)(चक्की के पास) की मरम्मत एवं रंगाई पुताई तथा एफ ब्लॉक के आवास संख्या-01 (टाईप द्वितीय)(चक्की के पास) में वेस्टर्न सीट लगाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 11 | एफ ब्लॉक आवास संख्या एफ-08 (टाईप द्वितीय)(चक्की के पास) की मरम्मत एवं रंगाई पुताई तथा एफ ब्लॉक के आवास संख्या-03 (टाईप द्वितीय)(चक्की के पास) में वेस्टर्न सीट लगाये जाने का कार्य | 50,000 |
| 12 | साधना ब्लॉक संख्या-01 के 10 आवासों में एक-एक 500 लीटर की पानी की टंकी बदली का कार्य | 49,500 |
| 13 | साधना ब्लॉक संख्या-02 के 10 आवासों में एक-एक 500 लीटर की पानी की टंकी बदली का कार्य | 49,500 |
| 14 | साधना ब्लॉक संख्या-03 के 10 आवासों में एक-एक 500 लीटर की पानी की टंकी बदली का कार्य | 49,500 |
| 15 | साधना ब्लॉक संख्या-04 के 10 आवासों में एक-एक 500 लीटर की पानी की टंकी बदली का कार्य | 49,500 |
| 16 | साधना ब्लॉक संख्या-05 के 10 आवासों में एक-एक 500 लीटर की पानी की टंकी बदली का कार्य | 49,500 |
| 17 | साधना ब्लॉक संख्या-01 के 05 आवासों में एक-एक 500 लीटर की पानी की टंकी एवं 06 बॉल काक बदले जाने का कार्य | 24,750 |
| | कुल योग | 09,91,250/- |

पत्रं संख्या- प-30/2024
दिनांक फरवरी 27-2025

(चारू निगम)
सेनानायक
टास्कफोर्स 47वीं पीएसी
गाजियाबाद।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा-2025' का समापन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में स्पोर्ट क्लब एवं डीकाथलॉन के सहयोग से दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता स्पर्धा-2025 का शुक्रवार को समापन किया गया। खेल प्रतियोगिता में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



डिस्कस थ्रो पुरुष वर्ग में एलेक्स प्रथम एवं जीवेश खत्री द्वितीय रहे। जबकि महिला वर्ग में अश्मी प्रथम एवं अनुष्का तिवारी द्वितीय स्थान पर रहीं। ब्रॉड जम्प में पुरुष वर्ग में मनीष गौतम प्रथम एवं राघव सिंघल द्वितीय रहे। जबकि महिला वर्ग में बीबीए की वसुंधरा प्रथम एवं सोनी द्वितीय रहीं। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीसीए के लव प्रताप सिंह ने प्रथम एवं बीबीए के श्रीयांश सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में बीएससी की फरिया प्रथम एवं राशि गुप्ता द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीएससी के अनिरुद्ध गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में बीसीए की दृष्टि सिन्हा प्रथम एवं स्नेहा धीमान द्वितीय रहीं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मयंक त्यागी की टीम प्रथम एवं शुभम की टीम द्वितीय रही। कार्यक्रम के अंत में सभी विजित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कपिल चौधरी (स्पोर्ट्स अफसर), डॉ संध्या शर्मा एवं नेहा अंतल द्वारा किया गया।

# सनातन संस्कृति के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ता भारत : अशोक कुमार गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समय का चक्र तेजी से घूम रहा है। 11 वर्ष पहले देश में सुशासन का दीया जला, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में सर्वोच्च प्रतिष्ठा के साथ हम राष्ट्र बाद, सामाजिक समरसता, एकता, सर्वांगीण विकास एवं जन कल्याण कारी निर्णयों की छांव तले सशक्त स्वाभिमानी एवं समृद्ध भारत देश की ओर बढ़े।

देश को औद्योगिक हब का केंद्र बनाकर स्वदेशी उत्पादन, युवाओं को रोजगार, कृषि एवं किसान का विकास, घरेलू बाजार एवं माध्यम वर्गीय उद्योगों को बढ़ावा देते हुए बढ़े राजस्व से तीसरी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ श्रेष्ठ निर्यातक राष्ट्र के रूप में दुनिया के सहायक बने हैं। सुरक्षा शांति व सद्भाव का संदेश हमने विश्व को दिया है। देश में राम मंदिर निर्माण, 370 की समाप्ति, तीन तलाक से मुक्ति, मातृ शक्ति सम्मान, रक्षा संसाधनों का दुनिया में भेजने सहित आत्म निर्भर भारत का गौरव बढ़ रहा है। मिशन विश्वगुरु सुविकसित सर्वोपरि भारत 2047 हमारा लक्ष्य है।

व्यापारी साथियों देश में सनातन के प्रति जागरण का प्रभाव है। 66 लाख करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र पावन अमृत स्नान किया है। विश्व के 100 देशों के लोग श्रद्धा के साथ पधारे है। सीएम योगी एवं सभी सहयोगियों का निरंतर प्रयासरत रत रह कर सफल आयोजन सनातन विरोधियों पर करारा प्रहार है। आओ समरसता, एकजुटता, सर्व हितकारी शानदार प्रयासों में मोदी, योगी एवं सभी के नेतृत्व में हम समर्पण भाव से आगे बढ़ें।

# महामंत्री पप्पू पहलवान ने नाले के निर्माण कार्य का किया उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को महामंत्री पप्पू पहलवान के द्वारा शिव चौक के पास 20 लाख की लागत से नाले निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया गया। इस मौके पर पप्पू पहलवान ने बताया की कि वार्ड 78 के क्षेत्र का चोहमुखी विकास कार्य निरंतर हो रहा है।

सड़क पार्क स्ट्रीट, हाई मास्क लाइटे वार्ड की गली व पार्कों में लगी हुई है। मेरा प्रयास यही रहता है कि वार्ड का निरंतर विकास होता रहे। इस अवसर पर डी एन कोल प्रतीक माथुर हरीश गौड भूपेंद्र गोस्वामी सुखपाल डी के घोष कुलदीप चौटाला विपिन कसाना अमित तिवारी सुभाष नागी अजय मोदी प्रदीप देवली हरवीर प्रधान नरेंद्र सिंह एसपी तिवारी हरविंदर ग्रोवर आशा पवार आभा अर्पिता सीमा घोष अंशु पूजा निशा चौहान प्रियंका सोलंकी रूपा मुखर्जी निशा चौहान सुमन सती आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने भेजे कवि नगर के व्यापारियों को नोटिस

# रकम अदा करने और किराए में उम्मीद से अधिक बढ़ोतरी से परेशान दुकानदार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार सुबह डी ब्लॉक मार्केट कवि नगर के छोटी दुकान के मालिक पहुंचे। अपनी व्यथा बताई कि अचानक से एक बड़ी मात्रा के नोटिस नगर निगम द्वारा पहुंचे हैं। रकम अदा करने के लिए और किराए में उम्मीद से अधिक बढ़ोतरी कर दी गई है। सभी साथी दुकानदारों की बात सुनने के बाद अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा के पदाधिकारी महापौर सुनीता दयाल से समय लेकर मिले। व्यापार मंडल द्वारा लिखित में अपनी सारी बात कही। महापौर ने बड़े धैर्य से व्यापार मंडल के पदाधिकारी की बात सुनी और पूर्ण आश्वासन दिया कि जो अधिक से अधिक मदद मैं कर सकूंगी नगर निगम का भी ध्यान रखते हुए और व्यापारी के हितों का ध्यान रखते हुए मेरा हर संभव प्रयास रहेगा इस समस्या के निवारण के लिए।

महापौर से मिलते समय उपस्थित लोगों में रविंद्र चौहान संस्थापक अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा, राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू, शुभम गुप्ता, शुभम गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, प्रदेश संयोजक दिनेश शर्मा, युवा महानगर अध्यक्ष एवं दुकानदारों के मालिक मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में व्यापारी के घर में चोरी

# कमरे का ताला तोड़ा और 3 लाख नकद सहित लाखों के जेवरात चुराए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मुरादनगर में टंकी रोड कॉलोनी स्थित एक किराना व्यापारी के घर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और तीन लाख रुपए की नकदी के साथ सोने के जेवरात चुराए। किराना व्यापारी नितिन सिंघल के घर में हुई इस चोरी का पता सुबह साढ़े चार बजे चला।

उनकी पत्नी अंजू गुप्ता जब कमरे से बाहर निकलीं, तो उन्होंने देखा कि बगल के कमरे का दरवाजा खुला है। सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। वारदात के समय नितिन और उनका पूरा परिवार अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। इस घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में रोष है।

पीड़ित ने मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## दिनेश कुमार गोयल एमएलसी ने विधान परिषद में रखे अपने विचार

# समस्त ग्रीन बैल्टों को कब्जा मुक्त कराने एवं श्री गुरूनानक गर्ल्स इंटर कालिज गाजियाबाद में शिक्षिकाओं की नियुक्ति हेतु मांग की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधान परिषद के सत्र के दौरान शुक्रवार को दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा विधान परिषद में मांग करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति सजग और सचेष्ट हैं। कुम्भ के आयोजन के बाद समापन पर स्वच्छता का संदेश देने का काम किया है किन्तु प्रदेश भर में बदहाल ग्रीन बेल्टों के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। गाजियाबाद हो या राजधानी लखनऊ अथवा प्रदेश के अन्य महानगर सभी जगहों पर ग्रीन बैल्टों का बुरा हाल है। ग्रीन बैल्टों के नाम पर छोड़े गये स्थानों पर अतिक्रमण हो रहे हैं। जिसके कारण एक्यूआई 400 तक भी पहुंच जाता है। धार्मिक स्थल व दुकानों के नाम पर जगह-जगह ग्रीन बेल्ट के ऊपर कब्जे किए हुए हैं। इसलिए लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर प्रदेश के महानगरों में चिन्हित समस्त ग्रीन बेल्टों को कब्जा मुक्त कराने तथा उनके रखरखाव के लिए अलग से फंड तथा स्टाफ की व्यवस्था कराने हेतु सदन के समक्ष वक्तव्य की मांग की।

साथ ही गाजियाबाद में श्री गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालिज लोहिया नगर जोकि वित्तीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय है। इस विद्यालय में लगभग 2500 छात्राएं शिक्षारत हैं। मात्र दो शिक्षिकाएं ही छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रही है। अगर ये दोनों शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हो जाती है तो इस विद्यालय को वित्तीय सहायता समाप्त हो सकती है। सिख समुदाय का यह एक मात्र विधालय है। कई वर्षो से इस विद्यालय में शिक्षिकाओं की नियुक्ति नहीं की गयी है। इसलिए लोक महत्व के इस विषय पर श्री गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालिज लोहियानगर में छात्राओं के उज्जव भविष्य का देखते हुए नियमित शिक्षिकाओं की नियुक्ति कराने हेतु सदन से वक्तव्य दिलाने की मांग की।

## तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने विधायक संजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लोमेश कुमार भाटी व सचिव संजय कुमार यादव द्वारा कार्यालय उप निबंधक को अपनी कार्यकारिणी के सहयोग से तहसील से अन्यत्र भेजने के विरोध स्वरूप नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को ज्ञापन दिया गया। विधायक ने अपने चुनाव के समय किये गये वायदे के रूप में शासन में पुरजोर तरीके से उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मनोज भाटी एडवोकेट भी उपस्थित रहे।




# कमिश्नरेट से छह और टू-स्टार चले गए

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कभी 2015 बैंच का जलवा और संख्या बल नजर आता था लेकिन अब धीरे-धीरे संख्सा कम हो रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से लगातार 2015 बैच वाले टू- स्टार बाहर जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग अलग जोन से कुल छह टू-स्टार दूसरे जिलों में रवाना किए गए हैं। इसमें पांच को मेरठ जोन और कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को भेजे जाने हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है की शुक्रवार 28 फरवरी को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बाहर भेजे जाने वाले 7 में टू-स्टार की डेट फिक्स की गई थी। जिसमें छह लोगों को रवाना कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब लगभग तीन दर्जन से अधिक ही टू-स्टार 2015 बैच के बचे हुए हैं, जिसमें से दो अभी थानों के प्रभार पर है। अब देखना होगा उनकी रवानगी वाले आदेश कब आता है। इसके साथ ही खास कार्यालय में भी कई टू-स्टार हैं जो जाने वाली लिस्ट में आने वाले दिनों में भेजे जाएंगे। तो पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी भी दो चेहरे अपनी पारी खेल रहे हैं। इसमें एक नदियापार तो दूसरे देहात में जमे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में कुछ और टू- स्टार होली के बाद अपने तबादले वाले जनपदों में भेजे जाएंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों की माने तो लखनऊ से आने वाली लिस्ट को लेकर लगातार वेट वाली स्थिति चल रही है। इसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से कई नाम शामिल हो सकते हैं। वही सुनने में आ रहा है कि एक एसीपी जो एक मामले में संट किए गए हैं, उनको भी यहां से रवाना किया जा सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि मार्च का फर्स्ट वीक तबादले वाली लिस्ट के नाम रहने वाला है। वहीं लखनऊ वाले सूत्रों ने बताया है कि पश्चिम में कई ऐसे आईपीएस अधिकारी हैं जिनको आने वाले दिनों में जिले में भेजा जाएगा। इसके साथ ही एक दर्जन ऐसे आईपीएस अधिकारी भी हैं जो पहली बार जिले वाली सीधी पोस्टिंग पर रवाना किए जाएंगे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में कुछ छोटी टू-स्टार वाली लिस्ट आएगी।




# हिंडन एयरपोर्ट से अब 5 नए शहरों के लिए उड़ान

## 1 मार्च बेंगलुरु, कोलकाता और गोवा के लिए डायरेक्ट फ्लाइट






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हिंडन एयरपोर्ट से 1 मार्च से अब बेंगलुरु, कोलकाता और गोवा के लिए उड़ान शुरू हो रही है। वहीं 22 मार्च 2025 से चेन्नई और जम्मू के लिए भी उड़ान शुरू की जा रही है। 5 शहरों के लिए एयर इंडिया टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग पहले ही शुरू कर चुका है।

### अभी तक इन शहरों के लिए हैं उड़ान

अभी तक गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से पंजाब के बठिंडा, लुधियाना, किशनगढ़, नांदेड़ और आदमपुर की उड़ान चल रही है। वहीं 5 नए शहरों के लिए हिंडन से विमान सेवा की शुरूआत हो रही है।

हिंडन एयरपोर्ट से 22 मार्च को चेन्नई और जम्मू की उड़ान शुरू होगी। इसी दिन बेंगलुरु के लिए दिन में दूसरी उड़ान को भी शुरू किया जाएगा। साथ ही आने वाले समय में लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, बनारस, मुंबई व पुणे के लिए भी विमान सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है।

### सुरक्षा पहले से ही मजबूत

गोवा के लिए भाजपा से गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने 60 सीटें बुक कराई है, वह भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक में गोवा जा रहे हैं। एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि हिंडन की सुरक्षा पहले से ही मजबूत है। गोवा के लिए हिंडन एयरपोर्ट से विमान 10:30 बजे उड़ान भरेगा। इसके बाद दोपहर 1:15 पर विमान गोवा एयरपोर्ट पर उतरेगा। वापसी के लिए गोवा एयरपोर्ट से दोपहर 2:00 बजे विमान उड़ान भरेगा, और 4:40 पर हिंडन एयरपोर्ट पर उतरेगा।

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर स्पीड डिटेक्टर से होगा चालान

## हापुड़ में बाईपास पर लगेंगे गति मापक यंत्र, बिना हेलमेट आने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर निजामपुर और ततारपुर बाईपास पर गति मापक यंत्र लगाए जाएंगे। इनसे ऑनलाइन चालान काटे जाएंगे।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने रोड सेफ्टी के लिए कई अहम फैसले लिए। पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों का चालान किया जाएगा। सरकारी कर्मचारियों को भी हेलमेट और सीट बेल्ट के नियमों का पालन करना होगा। नियम तोड़ने पर उन पर भी कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने एनएचएआई के अधिकारियों को गति मापक यंत्र लगाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निजामपुर और ततारपुर ब्लैक स्पॉट पर साइन बोर्ड लगाने को कहा गया है।

जिलाधिकारी ने सड़क हादसों में होने वाली मौतों के आंकड़ों को कम करने पर जोर दिया। डीआईओएस और बीएसए को छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सीटबेल्ट व हेलमेट के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# गाजियाबाद में एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## साली की हत्या का आरोपी दो बार अदालत से भागा, मुंबई-दिल्ली में छिपकर करता था काम



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने एक लाख रुपये के इनामी बदमाश नौशाद को गिरफ्तार कर लिया है। नौशाद पर साली की हत्या समेत 6 मुकदमे दर्ज हैं। वह दो बार पुलिस कस्टडी से फरार हो चुका है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसार, नौशाद ने 13 अगस्त 2016 को थाना खोड़ा के लोकप्रिय बिहार स्थित अपने घर में साली की हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 7 अगस्त 2019 को अदालत में पेशी के दौरान वह पुलिस को चकमा देकर भाग गया। तत्कालीन SSP ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया। एसटीएफ ने 4 जनवरी 2020 में नौशाद को दोबारा गिरफ्तार किया। लेकिन 18 अक्टूबर 2023 को पेशी के दौरान वह फिर से हेड कांस्टेबल शाहनवाज को चकमा देकर फरार हो गया। इस बार उस पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया। फरार होने के बाद नौशाद पहले दिल्ली गया और फिर मुंबई चला गया। मुंबई में वह बांद्रा की एक झुग्गी में रहकर फल मंडी में काम करने लगा। कुछ दिन बाद दिल्ली लौटकर नेहरू पैलेस में कंप्यूटर रिपेयरिंग का काम करने लगा। नौशाद को कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान है।

## नोएडा पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़

# मौके से 8 मोबाइल फोन बरामद



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में सेक्टर-39 की थाना पुलिस सेक्टर-44 के सामने चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम द्वारा एमिटी गोल चक्कर की तरफ से आ रही एक बाइक को रूकने का इशारा किया गया। इस पर बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। इस पर बदमाशों ने सेक्टर-98 की तरफ भागने का प्रयास किया।

### डेढ़ किमी पीछा किया

करंट क्राइम। पुलिस टीम द्वारा करीब डेढ़ किमी तक पीछा करते हुए जवाबी कार्यवाही की गई। इसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसकी पहचान विजय पुत्र धर्मवीर निवासी फरीदाबाद, हरियाणा के रुप में हुई। उसकी उम्र करीब 25 साल है। दूसरे बदमाश नौशाद उर्फ टोला पुत्र युसुफ मलिक निवासी मोरना नोएडा को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। इसकी उम्र करीब 22 साल है।

### लोगों से छीने गए 8 मोबाइल फोन बरामद

बदमाशों के कब्जे से चोरी की एक बाइक स्प्लेंडर के अलावा नोएडा में विभिन्न जगहों से राह चलते लोगों से छीने गए 8 मोबाइल फोन को बरामद किया गया। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। ये राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो जाते हैं। जो मोबाइल या अन्य सामान नहीं देता, उनको तमंचा से डराकर लूटपाट करते हैं।

### अन्य जिलों में भेजी डिटेल

घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इन बदमाशों की जानकारी आसपास के जिलों और दिल्ली को भी भेजी गई है। ये दोनों दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में लोगों से लूटपाट करते थे। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

# झूठे गैंगरेप के आरोप में महिला गिरफ्तार

## गाजियाबाद में पति और दोस्तों पर लगाए थे फर्जी आरोप, तीन बार दर्ज कराए मुकदमे




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने झूठे गैंगरेप का आरोप लगाने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कवि नगर पुलिस ने ज्योति सागर नाम की महिला को हिरासत में लिया है। जांच में पता चला कि महिला ने अब तक तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह के अनुसार, महिला ने सबसे पहले जून 2024 में अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। उसने आरोप लगाया था कि शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया गया और मारपीट के दौरान उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। हालांकि, कोर्ट में बयान के दौरान वह अपने आरोपों से मुकर गई। अगस्त 2024 में महिला ने दूसरा मुकदमा दर्ज करवाया। इस बार उसने अपने पति विकास त्यागी के जीजा विक्रांत त्यागी और दीपक चौहान पर बयान बदलने के लिए धमकाने का आरोप लगाया। लेकिन चार दिन बाद ही उसने कार्रवाई रोकने की अपील कर दी। हथियार के बल पर झूठे बयान और लेटर लिखवाने का आरोप 23 जनवरी 2025 को महिला ने पुलिस कमिश्नर को एक और शिकायत दी। इस बार उसने पति विकास त्यागी पर शादी का झूठा वादा करने और जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाया। साथ ही उसके दोस्त वैभव चौहान पर हथियार के बल पर झूठे बयान और लेटर लिखवाने का आरोप लगाया। पुलिस जांच में सभी आरोप झूठे पाए गए। इसके बाद महिला ने आरोप लगाया कि 17 जनवरी 2025 को विकास त्यागी ने महिला के साथ मारपीट की सिगरेट से जलाने का प्रयास किया और अपने दोस्तों के साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने जब मोबाइल कॉल डिटेल और सीसीटीवी देखें तो पता चला कि महिला के आरोप झूठे हैं। महिला ने खुद केमिकल लगाकर जलन जैसी चोट दिखाने का प्रयास किया था। वहीं मेडिकल में रेप के आरोप की पुष्टि नहीं हुई। इसीलिए महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेजा जा रहा है।

# दक्षिण कोरिया में बीते एक दशक में पहली बार बढ़ी जन्म दर, गंभीर जनसांख्यिकी संकट से गुजर रहा देश

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया, जो दुनिया के सबसे गंभीर जनसांख्यिकी संकट से जूझ रहा है, उसके लिए एक राहत की खबर आई है। दरअसल बीते साल दक्षिण कोरिया में बीते करीब एक दशक में पहली बार जन्म दर में बढ़ोतरी हुई है। एजेंसी के अनुसार, साल 2015 से लेकर अब तक यानी बीते नौ साल में पहली बार जन्म दर में बढ़ोतरी है।



**दक्षिण कोरिया की सांख्यिकी एजेंसी ने बताया है कि साल 2024 में दक्षिण कोरिया में 2,38,300 बच्चों का जन्म हुआ। यह साल 2023 के मुकाबले 8,300 ज्यादा है**

### विशेषज्ञों ने जन्मदर बढ़ने की ये वजह बताई

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया की जन्म दर साल 2023 में 0.72 थी, जो साल 2024 में बढ़कर 0.75 हो गई है। दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञों का कहना है कि ये देखने वाली बात होगी कि जन्म दर में बढ़ोतरी क्या सिर्फ अस्थायी है या फिर ये अगले साल भी जारी रहती है। दक्षिण कोरिया की सांख्यिकी एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी पार्क ह्युन जुंग का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान कम शादियां हुईं, जो बीते दिनों हुईं।

इनकी वजह से ही साल 2024 में जन्म दर बढ़ी हो सकती है। विशेषज्ञों ने ये भी कहा कि 30 साल के नौजवानों की संख्या बढ़ी है और साथ ही बच्चे पैदा करने की इच्छा रखने वाले युवाओं की संख्या में भी थोड़ा इजाफा हुआ है।

दक्षिण कोरिया में औसतन जन्म दर एक प्रतिशत से भी नीचे आ गई है, जिससे जनसांख्यिकी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। इससे दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्था के लिए भी संकट बढ़ गया है। इससे दक्षिण कोरिया में श्रमिकों की संख्या में कमी देखी जा रही है और साथ ही कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च भी बढ़ रहा है। जनसंख्या में गिरावट की समस्या से जूझने के लिए दक्षिण कोरियाई सरकार कई कदम उठा रही है, जिसमें लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि दक्षिण कोरिया में बढ़ती महंगाई, घर और सामाजिक सुरक्षा की बढ़ती लागत के चलते युवा वर्ग बच्चे पैदा करने से गुरेज कर रहा है।

# गाजा संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इस्राइल और हमास में बातचीत शुरू

**खान यूनिस ।** गाजा में संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इस्राइल और हमास के बीच वार्ता गुरुवार को शुरू हो चुकी है। मिस्र ने इसकी जानकारी साझा की है। समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त होना है, उससे पहले दोनों पक्षों के बीच वार्ता आरंभ होने से समझौते पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। मिस्र की सरकारी सूचना सेवा ने एक बयान में कहा कि इस्राइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने काहिरा में संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर गहन चर्चाएं आरंभ कर दी हैं।



बयान के मुताबिक, मध्यस्थ, गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने के रास्तों पर भी चर्चा कर रहे हैं। दूसरे दौर की वार्ता का उद्देश्य युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करना है, जिसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी और क्षेत्र से सभी इजराइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है। तीसरे चरण में शेष मृतक बंधकों के शव सौंपने पर चर्चा होगी।

**गाजा में स्थित गलियारे से सैनिकों को हटाने से इस्राइल का इनकार :** दरअसल, इस्राइल संघर्ष विराम के तहत गाजा में एक रणनीतिक गलियारे से पीछे नहीं हटेगा। इस फैसले से संघर्ष विराम को लेकर हमास और प्रमुख मध्यस्थ मिस्र के साथ संकट पैदा हो सकता था। हालांकि, बहुत कुछ पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ पर निर्भर करेगा, जो आने वाले दिनों में क्षेत्र की यात्रा कर सकते हैं।

इस्राइल के अनुसार, अब भी 59 बंधक हमास के कब्जे में हैं, जिनमें से 24 जीवित हो सकते हैं। वार्ता शुरू होने से कुछ घंटे पहले एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि उनका देश गाजा में स्थित रणनीतिक गलियारे से सैनिकों को वापस नहीं बुलाएगा। इजराइल के इस फैसले से वार्ता में चुनौतियां पेश आ सकती हैं।

# सामाजिक सुरक्षा प्रशासन 7000 लोगों को नौकरी से निकालने की कर रहा तैयारी, सूत्र बोले- 50% होगी छंटनी

**नई दिल्ली ।** अमेरिका में सामाजिक सुरक्षा प्रशासन अपने 60,000 कर्मचारियों में से कम से कम 7,000 लोगों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रहा है। एजेंसी की योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी है। नाम न बताने की शर्त पर बात करने वाले दूसरे व्यक्ति के अनुसार, कर्मचारियों की संख्या में यह कटौती 50% तक हो सकती है।



यह स्पष्ट नहीं है कि छंटनी का सीधा असर 72.5 मिलियन सामाजिक सुरक्षा लाभार्थियों पर कैसे पड़ेगा, जिसमें सेवानिवृत्त और बच्चे शामिल हैं जो सेवानिवृत्ति और विकलांगता लाभ प्राप्त करते हैं। हालांकि, अधिवक्ताओं और डेमोक्रेटिक सांसदों ने चेतावनी दी है कि छंटनी से एजेंसी की समय पर लाभार्थियों को सेवा देने की क्षमता कम हो जाएगी। कुछ लोगों का कहना है कि कार्यबल में कटौती, वस्तुतः लाभ में कटौती है।

बाद में शुक्रवार को, एजेंसी ने एक समाचार विज्ञप्ति जारी की जिसमें महत्वपूर्ण कार्यबल कटौती, गैर-मिशन महत्वपूर्ण पदों से मिशन महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष सेवा पदों पर कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति और स्वैच्छिक पृथक्करण समझौतों की पेशकश की योजनाओं की रूपरेखा दी गई। एजेंसी ने श्रमिकों को लिखे अपने पत्र में कहा कि पुनः नियुक्ति अनैच्छिक हो सकती है और नए कार्यभार के लिए पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता हो सकती है।

**अमेरिका में संघीय सरकार का खर्चा घटाने की कवायद के तहत हो रही छंटनी :** यह छंटनी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार एलन मस्क द्वारा संचालित सरकारी दक्षता विभाग के माध्यम से संघीय कार्यबल के आकार को छोटा करने के ट्रम्प प्रशासन के तीव्र प्रयासों का हिस्सा है। सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के प्रतिनिधि ने टिप्पणी के लिए एसोसिएटेड प्रेस के अनुरोध का जवाब नहीं दिया।

# तालिबान बनाने वाले मौलाना हक्कानी के बेटे की हत्या, पाकिस्तान में रमजान से पहले मदरसे में धमाका, 4 और लोग भी मारे गए

**वॉशिंगटन ।** पाकिस्तान में रमजान से एक दिन पहले शुक्रवार को जामिया हक्कानिया मदरसा में बम विस्फोट हुआ। यह हमला तालिबान के गॉडफादर के बेटे हमीदुल हक हक्कानी को निशाना बनाकर किया गया था। हमले में उसकी मौत हो गई है। इसके अलावा 4 और लोग भी मारे गए हैं।



हादसा खैबर पख्तूनख्वा राज्य के अकोरा खट्टक जिले में हुआ। स्थानीय पुलिस अधिकारी अब्दुल राशिद ने बताया कि बम हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमीदुल हक्कानी को निशाना बनाकर हुआ हमला घटना के बाद पेशावर के सभी प्रमुख हॉस्पिटल में इमरजेंसी लगा दी गई है। समा टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआती जांच में यह एक सुसाइड बम विस्फोट लग रहा है। इसमें मस्जिद का एक हिस्सा भी टूट गया है।

खैबर पख्तून ख्वा के आईजी के मुताबिक यह हमला मौलाना हमीदुल हक हक्कानी को निशाना बनाकर किया गया था।

मौलाना हमीदुल हक्कानी, तालिबान के गॉडफादर मौलाना समीउल हक हक्कानी का बड़ा बेटा है। सीनियर हक्कानी अफगान तालिबान का कट्टर समर्थक था। उसने साल 1947 में पाकिस्तान में सबसे प्रभावशाली इस्लामी मदरसों में से एक दारुल उलूम हक्कानिया की स्थापना की थी।

समीउल हक ने ही तालिबान की स्थापना की थी और मुल्ला उमर समेत कई तालिबानी नेताओं को तैयार किया था। मौलाना समीउल हक्कानी की हत्या 2018 में अज्ञात हमलावरों ने कर दी थी।

# खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद में आत्मघाती हमला हमीदुल हक हक्कानी समेत पांच लोगों की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक मस्जिद में शक्तिशाली विस्फोट हुआ। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



**विस्फोट में जमीयत उलेमा इस्लाम के प्रमुख की मौत :** पुलिस के मुताबिक, विस्फोट नौशेरा जिले के अकोटा खटक में मदरसा-ए-हक्कानिया में हुआ, जब लोग शुक्रवार की नमाज पढ़ रहे थे। प्रांत के मुख्य सचिव शाहब अली शाह ने विस्फोट में जमीयत उलेमा इस्लाम (सामी समूह) के प्रमुख हमीदुल हक हक्कानी की मौत की पुष्टि की।

### आत्मघाती विस्फोट का संदेहः पुलिस महानिदेशक

खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिदेशक जुल्फिकार हामिद ने कहा कि आत्मघाती बम विस्फोट होने का संदेह है और हमीदुल हक लक्ष्य प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा, हमने हमीदुल हक को छह सुरक्षा गार्ड प्रदान किए हुए थे।

नौशेरा और पेशावर के अस्पतालों में आपातकाल घोषित नौशेरा के डीपीओ अब्दुल रशीद ने कहा कि विस्फोट जुम्मा की नमाज के दौरान हुआ। राहत दल मौके पर पहुंचे और शवों व घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। नौशेरा और पेशावर के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। काजी हुसैन मेडिकल कॉम्पलेक्स के एक डॉक्टर ने कहा, बीस लोग घायल हैं और पांच शव अस्पताल लाए गए।

### मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने की विस्फोट की निंदा

वहीं, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और राज्यपाल फैसल करीम कुंडी ने कथित आत्मघाती विस्फोट की निंदा की। जेआईएफ के नेताओं ने घायलों के लिए रक्तदान की अपील की है।

# नेपाल के विदेश मंत्री का विमान कोलकाता डायवर्ट, खराब मौसम की वजह से काठमांडू में नहीं हो सकी लैंडिंग

**काठमांडू ।** नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को लेकर काठमांडू जा रहा कतर एयरवेज का विमान शुक्रवार को कोलकाता की ओर मोड़ना पड़ा। खराब मौसम के कारण त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसकी लैंडिंग नहीं हो सकी। हवाई अड्डे पर उतरने में नाकाम रहने के बाद विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। 63 वर्षीय देउबा जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लेने के बाद नियमित उड़ान से घर लौट रहे थे।



त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सूत्रों के मुताबिक, दोहा से कतर एयरवेज का विमान खराब मौसम के बीच कोलकाता में उतरा। पश्चिमी निम्न दबाव की वजह से शुक्रवार सुबह काठमांडू घाटी में हल्की बारिश हुई, जिससे दृश्यता कम हो गई।

हवाई अड्डे के एक कर्मचारी ने कहा कि कोलकाता डायवर्ट किया गया कतर एयरवेज का विमान मौसम सामान्य होने पर नेपाल वापस लौटेगा। देउबा को छोड़कर विमान में यात्रियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# सुरक्षा परिषद के कामकाज को पारदर्शी बनाने की जरूरत, भारत ने फिर उठाई बदलाव की मांग

**न्यूयॉर्क ।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और इसके संबंधित निकायों के कामकाज में पारदर्शिता लाने की मांग की है। भारत ने कहा है कि आतंकी संगठनों को ब्लैकलिस्ट करने की मांग को खारिज करने या फिर उन्हें लंबित रखने की वजह बताई जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने यूएन में एक अंतर-सरकारी सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कामकाज में संशोधन की तुरंत जरूरत है।




**यूएनएससी के कामकाज में पारदर्शिता लाने की जरूरत :** पी. हरीश ने कहा कि 'यूएनएससी में बदलाव की मांग हमारी स्पष्ट है। यह तब और भी जरूरी हो जाता है, जब दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र की क्षमताओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र मानवता से जुड़े अहम मुद्दों पर कुछ खास कदम नहीं उठा पा रहा है।' पी. हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद की संबंधित निकायों में पारदर्शिता लाने की जरूरत है।


पी. हरीश ने उदाहरण दिया कि 'सूचीबद्ध फैसलों को सार्वजनिक किया जाता है, जबकि सूचीबद्ध अनुरोधों को अस्वीकार करने या फिर तकनीकी रोक लगाने से संबंधित विवरण को गुप्त रखा जाता है। यह असल में एक छिपा हुआ वीटो है।'

### भारत ने चीन की मंशा पर उठाए सवाल

भारत के राजदूत ने चीन की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि अतीत में कई बार पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों को प्रतिबंधित कराने की भारत की कोशिशों पर चीन द्वारा रोक लगा दी गई है।

# अमेरिका-ब्रिटेन के बीच रूस और यूक्रेन संघर्ष खत्म करने पर सहमति

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के लिए बातचीत बहुत आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता करने का बहुत कम समय बचा है। ट्रंप ने यह टिप्पणी व्हाइट हाउस में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात के बाद की। इस दौरान ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा कि तीन साल से चल रहे युद्ध समाप्त होने के बाद यूक्रेन में स्थायी शांति के लिए अमेरिका का नेतृत्व आवश्यक होगा।



ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा, हम यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं शांति बहाल करने और नरसंहार को रोकने के लिए ट्रंप की प्रतिबद्धता का स्वागत करता हूं...'

ब्रिटिश पीएम ने कहा 'शांति वैसी नहीं हो सकती जो हमलावर को पुरस्कृत करती है या ईरान जैसी शासन व्यवस्था को बढ़ावा देती है। इतिहास को शांति निमार्ता के पक्ष में होना चाहिए, आक्रमणकारी के पक्ष में नहीं। ब्रिटेन और अमेरिका पूरी ताकत के साथ यूक्रेन की मदद करेंगेः स्टार्मर रूस और यूक्रेन का हिंसक संघर्ष खत्म करने के मुद्दे पर स्टार्मर ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ आज एक योजना पर चर्चा हुई। इससे यूक्रेन को मदद मिलेगी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में कार्रवाई के लिए वापस आने से रोकने के लिए यूक्रेन योजना बनाएगा। ब्रिटेन और अमेरिका पूरी ताकत के साथ मदद करेंगे। बकौल ब्रिटिश पीएम स्टार्मर 'मैं अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ मिलकर काम कर रहा हूं, मैं इस पहलू को लेकर स्पष्ट हूं कि यूके एक समझौते का समर्थन करने के लिए जमीन पर सैनिकों और हवा में विमानों को रखने के लिए तैयार है।' इस साल यूक्रेन को पहले से कहीं अधिक सैन्य सहायता देंगेः स्टार्मर

उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है, क्योंकि यही एकमात्र तरीका है जिससे शांति बनी रहेगी... यूरोप को आगे आना चाहिए... यूके पूरी तरह से इसमें शामिल है। इस साल, हम यूक्रेन को पहले से कहीं अधिक सैन्य सहायता देंगे... हम पहले से ही ठअळड में सबसे अधिक खर्च करने वालों में से एक हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, उन्होंने पीएम स्टार्मर को रूस के साथ यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के अमेरिकी प्रयासों के बारे में जानकारी दी... तीन साल के भयानक संघर्ष में लगभग 1 मिलियन यूक्रेनियन और रूसी मारे गए हैं।

# तुर्किये में थम सकती है 40 साल पुरानी जंग

**नई दिल्ली ।** तुर्किये में कुर्दों के अलगाववादी आतंकी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी ने 40 साल बाद अपने हथियार डाल दिए हैं। जेल में बंद पार्टी नेता अब्दुल्लाह ओकलान ने संगठन के सदस्यों से कहा है कि वे तुर्किये के खिलाफ अपनी जंग को खत्म कर दें और संगठन को भंग कर



दें। 1978 में बने इस संगठन की मांग थी कि उन्हें तुर्किये से अलग करके कुर्दिस्तान बनाया जाए, या फिर तुर्किये के अंदर कुर्दों को पहले से ज्यादा अधिकार दिए जाएं। इस मांग के साथ संगठन ने 1984 में तुर्किये सरकार के खिलाफ जंग छेड़ी थी। इस जंग में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसके चलते तुर्किये, अमेरिका और यूरोपीय संघ इस संगठन को आतंकी घोषित कर चुके हैं।

# उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया अमेरिका की धमकी के बाद उठाया कदम

**नई दिल्ली ।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि उन्होंने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। यह परीक्षण उत्तर कोरिया ने अपनी परमाणु रोधी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए किया है। उत्तर कोरिया ने कहा है कि अमेरिकी धमकी के बाद उन्होंने ये कदम उठाया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया केसीएनए ने बताया कि उनके नेता किम जोंग उन ने भी मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया।



**किम जोंग उन ने खुद मिसाइल परीक्षण पर नजर रखी :** उत्तर कोरिया के अनुसार, यह परीक्षण बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर किया गया। यह इस साल उत्तर कोरिया का चौथा मिसाइल परीक्षण है और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से दूसरा मिसाइल परीक्षण है। केसीएनए ने कहा कि 'यह देश के दुश्मनों को पैगाम है, जो हमारे सुरक्षा वातावरण का गंभीर रूप से उल्लंघन कर रहे हैं और संघर्ष को बढ़ा रहे हैं।' उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने मिसाइल परीक्षण के नतीजों पर संतोष जताया और कहा कि सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने और साथ ही अपने परमाणु हथियारों को भी तैयार रखने की जरूरत है।

अमेरिका पर लगाया था उकसावे की कार्रवाई करने का आरोप बीते शनिवार ही उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया था कि अमेरिका और इसके सहयोगी देश उत्तर कोरिया के खिलाफ उकसावे वाली कार्रवाई कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त युद्धाभ्यास पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में तीन बार उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात की थी।

अब दूसरे कार्यकाल में भी ट्रंप ने किम जोंग उन से मिलने की इच्छा जाहिर की है। हालांकि अभी तक उत्तर कोरियाई नेता की तरफ से सीधे तौर पर ट्रंप के प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है और उत्तर कोरिया द्वारा लगातार अमेरिका के खिलाफ आक्रामक रुख बरकरार रखा है। किम जोंग उन पर रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजने के आरोप लग रहे हैं।

# दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता का जन्मदिन मना धूमधाम से



गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता का जन्म दिवस करंट क्राइम मुख्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समाचार संपादक दीपक भाटी, वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण, साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह, दैनिक करंट क्राइम के डिजाइनर हेड नरेश शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, नितिन कुमार और कार्यालय सहायक करण शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## फर्जी पहचान से शादी करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम**। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ पुलिस ने फर्जी पहचान से शादी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक पिता और उसके दो बेटे शामिल हैं। सीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, एक हिंदू महिला ने 26 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि अहसान नाम के व्यक्ति ने खुद को राहुल बताकर आर्य समाज मंदिर में उससे शादी की। जब उसे अहसान की असली पहचान का पता चला, तो उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया।

पीड़िता ने धर्म परिवर्तन से इनकार किया तो उसका शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। आरोपियों ने उसका जबरन गर्भपात भी करवा दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अहसान उर्फ राहुल, उसके पिता इखलाक और भाई इमरान को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में अहसान ने बताया कि उसकी पीड़िता से 2019 में मुलाकात हुई थी। उसने अच्छी नौकरी और पैसों का लालच देकर शादी की थी। तीनों आरोपी फर्नीचर का व्यवसाय करते हैं। पीड़िता की एक 4 वर्षीय बेटी भी है। मामले में अहसान की सास फिरोज, ननद आलिया और नज्जू भी आरोपी हैं।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता के जन्मदिन पर समरकूल चेयरमेन संजीव गुप्ता ने उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर समाचार संपादक दीपक भाटी भी मौजूद रहे।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते व्यवसायी अरविंद चंद।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आशीष अग्रवाल ने अपनी जीवन साथी के साथ सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक ओर सोपान को पूरा किया। आशीष अग्रवाल ने अपनी खुशी को 8 साल लाजवाब के साथ साझा किया। परिजनों समर्थकों शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।